डॉ० राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय
पूसा, समस्तीपुर-८४८ १२५, बिहार

सं.:...४६......./कु.स./रा.प्र.के.कृ.वि., पूसा, दिनांक २२ अप्रैल, २०२१

परिपत्र

हर्ष की बात है कि आप सभी के सहयोग से कोरोना संक्रमण से हमारी लड़ाई काफी हद तक सफल रही है। पिछले दिनों कुछ मामले विश्वविविद्यालय परिसर में आये लेकिन उससे भी हमलोग निजात पा चुके हैं और आगे भी हमें सतर्कता बरतनी होगी जबतक इस परिसर से 'कन्टेनमेंट जोन' न हटा लिया जाये। इसी को ध्यान में रखते हुए पुनः निम्नलिखित निर्णय लिये गये हैं :

१ समस्तीपुर, दरभंगा, मुजफ्फरपुर एवं पटना शाहरों में अभी भी संक्रमण काफी फैला हुआ है उक्त शहरों से आने-जाने वाले सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यालय आने या जाने की अनुमति नहीं है।

२ विश्वविद्यालय परिसर अभी भी 'कन्टेनमेंट जोन' घोषित है अतः विश्वविद्यालय में कार्यरत सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारी आनेवाली छुट्टियों (यानि शुक्रवार, शनिवार एवं रविवार) को विश्वविद्यालय परिसर छोड़ कर न जायें साथ ही अपने परिवार के सदस्यों को भी विश्वविद्यालय परिसर में आने-जाने की अनुमति न दें । आपातकालीन स्थिति में अधोहस्ताक्षरी को अपने नियंत्री पदाधिकारी के माध्यम से लिखित रुप में सूचित करें । जो अधिकारी या कर्मचारी यदि चुपचाप या छिपकर जाते हैं तो पता चलने पर उनके लौटने पर ऐसे व्यक्तियों को १० दिनों तक आईसोलेशन में अपनी छुटट्टी लेकर रहना होगा और किसी तरह का कोविड लक्षण न आने पर ही कार्यालय आने की अनुमति दी जाएगी ।

३ सुरक्षा शाखा की जिम्मेवारी होगी कि बाहर जानेवालों के संबंध में अधोहस्ताक्षरी को पूरी दरियाफ्तकर इसकी लिखित जानकारी देंगें जिससे वैसे पदाधिकारियों/कर्मियों पर समुचित अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सके।

प्र. प्रकाश 22/04/2021

(प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव)
कुलसचिव

प्रतिलिपि:

१ माननीय कुलपति को उनके सचिव के द्वारा सूचनार्थ प्रेषित ।
२ सभी अधिष्ठाता/निदेशक/नियंत्रक/सभी विभागाप्रधान/सभी ईकाई प्रधान/सुरक्षा पदाधिकारी/सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को सूचनार्थ प्रेषित ।
३ प्रभारी पदाधिकारी,एरीस सेल को सभी सूचनापट एवं वेवसाइट पर अपलोड करने हेतु